GOVERNMENT OF HARYANA
SPORTS DEPARTMENT

ORDER

In pursuance of Rule-5 of Haryana Civil Services (Punishment and Appeal) Rules, 2016, the Governor of Haryana is pleased to place the services of Sh. Anoop Singh, Athletics Coach presently holding the charge of DSO Rohtak under suspension with immediate effect.

2. During the suspension period, he will be entitled to subsistence allowance as admissible under Rule 83 of Haryana Civil Services (General) Rules, 2016. His head quarter during the suspension period is fixed at Head office, Panchkula. He will not leave station without prior permission.

**Navdeep Singh Virk**
**Principal Secretary to Government, Haryana,**
**Sports Department.**

Dated Chandigarh,
the 26th November, 2025

Endst. No. 1/61/2025-1S Dated, Chandigarh the 26th November, 2025

A copy is forwarded to the following for information and necessary action:

1. The Principal Accountant General (A&E), Haryana, Chandigarh.
2. The Director General, Sports Department, Haryana, Panchkula w.r.t. their CFMS No. 31342, dated 26-11-2025.
3. The District Sports Officer, Rohtak.
4. The Deputy Director Sports, Rohtak (through District Sports Officer, Rohtak).
5. Sh. Anoop Singh, Athletic Coach, presently holding the charge of DSO Rohtak. He is directed to report at the Head Office, Panchkula.

Kirayeet Kaur
Superintendent, Sports,
*for* Principal Secretary to Government, Haryana,
Sports Department.

**Internal Distribution**

1. Secy./MoS, Sports.
2. Secy./PS, Sports

जिला खेल अधिकारी कार्यालय, झज्जर

ई–मेल आई.डी.:–dsojjr@gmail.com

हरियाणा

संशोधित पत्र

सेवा में

महानिदेशक,
खेल विभाग, हरियाणा,
पंचकुला।

क्रमांक न0 खेल–2025/3318 दिनांक 26.11.2025

विषयः– शहीद ब्रिगेडियर होशियार सिंह स्टेडियम, बहादुरगढ में बास्केटबाल पोल गिरने से खिलाडी के साथ हुए हादसे के संबंध में।

महोद्य,

कृपया उपरोक्त विषय पर शहीद ब्रिगेडियर होशियार सिंह स्टेडियम, बहादुरगढ में बास्केटबाल पोल गिरने से अमन सुपुत्र श्री सुरेश कुमार, आयु 15 वर्ष, एच.एन. 290/9, गली नम्बर 4, एन.एन. रोड, अम्बेडकर भवन के पास, वत्स कालोनी लाईन पार बहादुरगढ, झज्जर की हादसे में घायल हो गये थे, जिनकी उपचार के दौरान मृत्यु हो गई है।

इस संबंध में लिखा जाता है कि यह खेल स्टेडियम खेल विभाग के अधीन नहीं है। खेल विभाग द्वारा इस खेल स्टेडियम में कुश्ती हाल का निर्माण करवाया गया था जिसमें खेल विभाग द्वारा कुश्ती के खिलाडियों की मांग अनुसार विभागीय प्रशिक्षक श्री संजय कुमार, कुश्ती प्रशिक्षक का प्रशिक्षण केन्द्र/खेल नर्सरी स्थापित है। उक्त स्टेडियम में बास्केटबाल खेल का कोई भी प्रशिक्षण केन्द्र खेल विभाग द्वारा संचालित नही किया गया है। अतः उक्त घटना का खेल विभाग से किसी प्रकार का कोई भी संबंध नहीं है। यह रिपोर्ट आपकी सेवा में प्रस्तुत है।

Sd/-

(सत्येन्द्र कुमार)
जिला खेल अधिकारी,
झज्जर।

उपनिदेशक खेल,
रोहतक मण्डल, रोहतक।

सेवा में

महानिदेशक,
खेल विभाग, हरियाणा,
पंचकूला।

क्रमांक खेल–2025/623 दिनांक– 27/11/25

विषय **शहीद ब्रिगेडियर होशियार सिंह स्टेडियम, बहादुरगढ में बास्केटबाल पोल गिरने से खिलाड़ी के साथ हुए हादसे के सम्बन्ध में जिला खेल अधिकारी, झज्जर की रिपोर्ट के सम्बन्ध में टिप्पणी बारे।**

कृपया उपरोक्त विषय पर विभाग की सेवा में लिखा जाता है कि जिला खेल अधिकारी, झज्जर द्वारा पत्र क्रमांक खेल–2025/3318 दिनांक 26.11.2025 के तहत शहीद ब्रिगेडियर होशियार सिंह स्टेडियम, बहादुरगढ में बास्केटबाल खिलाड़ी अमन सुपुत्र श्री सुरेश कुमार, निवासी एच.एन. 290/9, गली नं0–4, एन.एन. रोड़, अम्बेडकर भवन के पास, वत्स कालोनी लाईन पार बहादुरगढ, झज्जर का अभ्यास के दौरान बास्केटबाल पोल के गिरने से हुए आकस्मिक निधन के सम्बन्ध में अपनी रिपोर्ट विभाग की सेवा में भेजी गई है। इस सम्वन्ध में निम्नहस्ताक्षरी द्वारा उक्त मामले बारे संज्ञान लेते हुए निजी तौर पर जानकारी प्राप्त की गई जिसमें पाया गया कि यह खेल स्टेडियम खेल विभाग के अधीन नहीं है। खेल विभाग द्वारा इस खेल स्टेडियम में कुश्ती हाल का निर्माण करवाया गया था जिसमें खेल विभाग द्वारा कुश्ती के खिलाड़ियों की मांग अनुसार विभागीय प्रशिक्षक श्री संजय कुमार, कुश्ती प्रशिक्षक का प्रशिक्षण केन्द्र/खेल नर्सरी स्थापित की हुई है। अतः इस घटना का खेल विभाग से किसी प्रकार का कोई भी संबंध नहीं है।

अतः निम्नहस्ताक्षरी द्वारा उपरोक्त मामले के सम्बन्ध में पाया गया कि जिला खेल अधिकारी, झज्जर द्वारा भेजी गई रिपोर्ट सही है।

कृपया उक्त सूचना विभाग की सेवा में आगामी आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित है।

27/11/25

(सुनीता खत्री)
उपनिदेशक खेल,
रोहतक मण्डल, रोहतक।

D Drive Data\Doc\Complained File

प्रेषक

उपनिदेशक खेल,
रोहतक मण्डल, रोहतक।

सेवा में

महानिदेशक,
खेल विभाग, हरियाणा,
पंचकूला।

कमांक खेल–2025/622 दिनांक– 26/11/2025

विषय गांव लाखनमाजरा में बास्केटबाल खिलाड़ी हार्दिक सुपुत्र श्री सन्दीप के निधन के सम्बन्ध में जिला खेल अधिकारी, रोहतक की रिपोर्ट के सम्बन्ध में टिप्पणी बारे।

कृपया उपरोक्त विषय पर विभाग की सेवा में लिखा जाता है कि जिला खेल अधिकारी, रोहतक द्वारा पत्र कमांक खेल–2025/3435 दिनांक 26.11.2025 के तहत दिनांक 25.11.2025 को गांव लाखनमाजरा में बास्केटबाल खिलाड़ी हार्दिक सुपुत्र श्री सन्दीप, निवासी गांव लाखनमाजरा, जिला रोहतक का अभ्यास के दौरान खिलाड़ी के ऊपर बास्केटबाल पोल के गिरने से आकस्मिक निधन के सम्बन्ध में अपनी रिपोर्ट विभाग की सेवा में भेजी गई है। इस सम्बन्ध में निम्नहस्ताक्षरी द्वारा उक्त मामले बारे संज्ञान लेते हुए निजी तौर पर जानकारी प्राप्त की गई जिसमें पाया गया कि खिलाड़ी जिस बास्केटबाल कोर्ट में अभ्यास कर रहा था वह जगह/जमीन ब्लॉक समिति, लाखनमाजरा के अधीन है। यह जगह/बास्केटबाल कोर्ट खेल विभाग के अधीन नहीं है तथा न ही लाखनमाजरा में खेल विभाग, हरियाणा द्वारा वर्तमान में बास्केटबाल खेल की कोई खेल नर्सरी अलॉट की हुई है। वर्तमान में गांव लाखनमाजरा में विभाग द्वारा केवल कबड्डी खेल की खेल नर्सरी अलॉट की हुई है। गांव लाखनमाजरा में बास्केटबाल खेल का कोई भी विभागीय प्रशिक्षक नियुक्त नहीं है।

अतः निम्नहस्ताक्षरी द्वारा उपरोक्त मामले के सम्बन्ध में पाया गया कि जिला खेल अधिकारी, रोहतक द्वारा भेजी गई रिपोर्ट सही है।

कृपया उक्त सूचना विभाग की सेवा में आगामी आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित है।

(सुनीता खत्री)
उपनिदेशक खेल,
रोहतक मण्डल, रोहतक।

D Drive Data\Doc\Complained File

प्रेषक

जिला खेल अधिकारी,
रोहतक।

सेवा में

महानिदेशक,
खेल विभाग, हरियाणा,
पंचकूला।

क्रमांक खेल–2025/3435 दिनांक– 26/11/2025

विषय गांव लाखनमाजरा में बास्केटबाल खिलाड़ी हार्दिक सुपुत्र श्री सन्दीप के निधन के सम्बन्ध में रिपोर्ट भेजने बारे।

कृपया उपरोक्त विषय पर विभाग की सेवा में लिखा जाता है कि दिनांक 25.11.2025 को गांव लाखनमाजरा में बास्केटबाल खिलाड़ी हार्दिक सुपुत्र श्री सन्दीप, निवासी गांव लाखनमाजरा, जिला रोहतक का अभ्यास के दौरान खिलाड़ी के ऊपर बास्केटबाल पोल के गिरने से आकस्मिक निधन हो गया। इस हादसे के समय खिलाड़ी जिस बास्केटबाल कोर्ट में अभ्यास कर रहा था वह जगह/जमीन ब्लॉक समिति, लाखनमाजरा के अधीन है। इसके अतिरिक्त यहां यह भी स्पष्ट किया जाता है कि यह हादसा खेल विभाग के अधीन राजीव गांधी खेल परिसर, लाखनमाजरा में नहीं हुआ है तथा जिस जगह पर यह हादसा हुआ है वह जगह/बास्केटबाल कोर्ट खेल विभाग के अधीन नहीं है तथा न ही लाखनमाजरा में खेल विभाग, हरियाणा द्वारा वर्तमान में बास्केटबाल खेल की कोई खेल नर्सरी अलॉट की हुई है। गांव लाखनमाजरा में बास्केटबाल खेल का कोई भी विभागीय प्रशिक्षक नियुक्त नहीं है।

कृपया उपरोक्त के अतिरिक्त गांव लाखनमाजरा के सरपंच प्रतिनिधि से दूरभाष के माध्यम से बात की गई तथा उन द्वारा बताया गया कि ब्लॉक समिति, लाखनमाजरा के अधीन जमीन पर स्थित इस बास्केटबाल कोर्ट पर गांव लाखनमाजरा के युवा स्पोर्टस क्लब, लाखनमाजरा के संचालक मोहित नाम के व्यक्ति द्वारा खिलाड़ियों को बास्केटबाल खेल का अभ्यास करवाया जाता है।

कृपया इसके अतिरिक्त यहां यह भी स्पष्ट किया जाता है कि निम्नहस्ताक्षरी (श्री अनूप सिंह, एथलैटिक्स प्रशिक्षक) के पास पिछले तीन मास से ही जिला खेल कार्यालय, रोहतक का कार्यभार है।

कृपया उक्त विवरण अनुसार रिपोर्ट विभाग की सेवा में आगामी आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित है।

(अनूप सिंह)
जिला खेल अधिकारी,
रोहतक।

D Drive Data\Doc\Complained File